प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनियों में चयन

पंतनगर। 04 मार्च 2022। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों से विद्यार्थियों का नामी कम्पनियों में चयन हो रहा है। इसी क्रम में कृषि पर आधारित प्रतिष्ठित रोजगारपूरक संगठन के रूप में भारत की प्रमुख एग्रोकेमिकल कम्पनियों में से मै. धानुका एग्रोटेक लिमिटेड एक है। इस कम्पनी ने ऑनलाइन साक्षात्कार के माध्यम से विश्वविद्यालय में कृषि के 03 विद्यार्थियों, स्नेहा शिखा, शामली चौहान एवं साधना चौहान का चयन किया गया। इसके अलावा मै. डीएचएल सप्लाई चैन इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में ऑनलाइन साक्षात्कार के माध्यम से बी.टेक बायोटेक्नोलॉजी की छात्रा अलिमा शहनाज का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त प्रतिवर्ष 7.00 से 8.00 लाख रूपये का पैकेज देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप, ने निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श, डा. दीपा विनय ने बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थी की सफलता की कामना करता है।

स्नेहा शिखा (1), शामली चौहान (2) साधना चौहान (3) एवं अलिमा शहनाज (4)।